RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



महिलाएं नाराज हैं, साल हो गए चार।
खातों में अब तक नहीं, पहुंचे एक हजार।
पहुंचे एक हजार, बड़ी सबको नाराजी।
पूरी करिए मांग, तभी ये होंगी राजी।
कह साहिल कविराय, शीघ्र ही इन्हें मनाएं।
साल हो गए चार, बड़ी क्रोधित महिलाएं।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 50 | TUESDAY 03-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com

# UAE हमले से निवेशकों में घबराहट, पिछले 10 सालों में बना था पहली पसंद, लोग अपना पैसा समेट नई सेफ कंट्री की तलाश में

राजदीप सिंह सैनी
लुधियाना/यूटर्न/2 मार्च। अमेरिका-इजरायल और ईरान में लगातार जंग चल रही है। वहीं इस बीच ईरान द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर भी बमबारी कर दी गई है। लगातार संयुक्त अरब अमीरात के कई शहरों में बमबारी से भारी नुकसान हो रहा है। हालांकि इसमें से कुछ हमलों को तो अमीरात रोकने में कामयाब रहा, लेकिन उससे ज्यादा नुकसान झेल रहा है। बता दें कि पिछले 10 सालों के दौरान निवेशकों के लिए यूएई पहली पसंद बन गया था। जहां पर निवेश के लिए अच्छी स्कीमें और सबसे कड़े सुरक्षा प्रबंध होने के चलते इन्वेस्टमेंट धड़ल्ले से हुई। लेकिन इन हमलों ने सुरक्षा प्रबंधों पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों को डर सताने लग गया है कि वह यूएई में रह रहे हैं और उक्त कंट्री की बिना किसी से जंग के बावजूद वहां मिसाइलें दागी जा रही है, तो आगे जाकर और भी भारी नुकसान हो सकता है। जिसके चलते कहीं न कहीं निवेशकों के पैर डगमगाने लग गए हैं। वह अब अपना पैसा समेटने में लग गए हैं।





## ईरान ने इन देशों को बनाया निशाना

वहीं ईरान द्वारा अमेरिका औ इजरायल से युद्ध के दौरान कई और देशों को भी निशाना बना डाला है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इस संबंधी अपना बयान जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि ईरान ने जिन देशों को निशाना बनाया, उनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात के दुबई समेत कई देश, कतर, बहरीन, कुवैत और जॉर्डन शामिल हैं।

**वहीं चचाएं हैं कि इन हमलों के बाद अब निवेशकों द्वारा वहां से प्लान करने का मन बना लिया है। जिसके चलते निवेशक अब नई सेफ कंट्री की तलाश में लग गए हैं।**

## हर देश के टॉप 100-२00 लोग इन्वेस्टमेंट को देते थे पहले

बता दें कि पिछले 10 सालों के दौरान यूएई ने काफी तेजी के साथ तरक्की की। दुनिया के हर देश के टॉप 100-200 लोग अपनी इन्वेस्टमेंट को यूएई में इन्वेस्ट कर रहे थे। धीरे धीरे यह उन टॉपर्स की पहली पसंद बन गया। जिसके चलते वह एक फाइनेंशियल हब बन गया था।

## टैक्स में राहत और सुरक्षा इन्वेस्टमेंट का अहम कारण

वहीं चचाएँ हैं कि यूएई और अरब देशों में इन्वेस्टमेंट का सबसे बड़ा कारण यह था कि वहां पर टैक्स में काफी राहत दी जाती थी। इन्वेस्टमेंट करने पर अच्छा रिफंड था। वहीं सबसे अहम कारण सुरक्षा मानी जाती थी। कहा जाता था कि यूएई और अरब देशों में अगर कोई क्राइम करता है तो अपराधी को सख्त सजा मिलती है। जिसके चलते वहां क्राइम ग्राफ काफी कम है। ऐसे में अब सीधे मिसाइलें आने के कारण सुरक्षा प्रबंधों की पोल खुल गई।

## अभिनेताओं व सिंगर्स की पहली पसंद बना था यूएई

वहीं, अभिनेताओं और सिंगर्स द्वारा भी भारत, कैनेडा, अमेरिका, अस्ट्रेलिया, यूके, न्यूजीलैंड जैसे देशों को छोड़कर यूएई को पहल दी जा रही थी। उनकी और से वहां पर करोड़ों की प्रॉपर्टियां खरीदी जा रही थी। जिसमें बालीवुड के शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, सलमान खान समेत कई बड़े स्टार शामिल हैं। यहां तक कि पंजाबी सिंगर करन औजला पर भी कैनेडा में हमले होने के बाद उन्होंने यूएई का रुख किया था। उन्हें यूएई सेफ लगता है। वहीं अभिनेता और सिंगर्स घूमने के लिए भी अक्सर यूएई जाते रहते हैं। जिसके चलते अब वहां घूमने गए पंजाबी सिंगर एम्मी विर्क का परिवार, बॉलीवुड अभिनेत्री नर्गिस फाकरी समेत कई लोग वहां फंस गए हैं।






## दूसरी कंट्रियों को मिल सकता है फायदा

जहां बाकी कंट्रियों में लोग जॉब के लिए जाते हैं, वहीं यूएई में इन्वेस्टमेंट करने जाते थे। इन हमलों के बाद निवेशकों में घबराहट का माहौल है। वहीं निवेशक अपनी इन्वेस्टमेंट खतरे में नहीं डाल सकता। ऐसे में अब वह या तो अपनी कंट्री में वापिस जाकर इन्वेस्टमेंट करेगें या किसी दूसरी कंट्री का रुख करेगें। लेकिन कुल मिलाकर अपनी दूसरी कंट्रियों को इसका फायदा मिल सकता है।

# हरियाणा का २.२३ लाख करोड़ का बजट विकास और विश्वास का दस्तावेजः मुख्यमंत्री सैनी

चंडीगढ़, यूटर्न, 2 मार्च। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वर्ष 2026-27 के लिए 2,23,658 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करते हुए इसे विकास, विश्वास और विजन का दस्तावेज बताया। यह बजट पिछले वर्ष के संशोधित अनुमान से 10.28 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 बड़े फैसलों के माध्यम से महिला, युवा, किसान, खिलाड़ी और उद्यमियों सहित हर वर्ग को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया है।



बजट में 'हरियाणा एग्री डिस्कॉम' की स्थापना, 3 लाख किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन, 1.40 लाख एकड़ लवणीय भूमि को खेती योग्य बनाना और 'मेक इन हरियाणा' नीति लागू करने जैसे निर्णय शामिल हैं। महिलाओं के लिए 'लखपति दीदी' योजना, पिंक कैब हेतु ब्याज मुक्त ऋण तथा 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ नई राशन दुकानों की घोषणा की गई है।

युवाओं के लिए एआई मिशन के तहत 1 लाख को प्रशिक्षण, अग्निवीरों को पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण और प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया केंद्र खोले जाएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में नए उपकेंद्र, डायलिसिस यूनिट और अस्पतालों के उन्नयन का प्रावधान है।

# भगवंत मान सरकार ने अमेरिका-इजराइल-ईरान टकराव के दौरान फंसे पंजाबियों की सहायता हेतु 24x7 हेल्पलाइन जारी: डॉ. रवजोत सिंह

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 मार्च। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के मद्देनजर पंजाब सरकार ने मध्य एशियाई देशों और मध्य पूर्व में फंसे पंजाबियों की सहायता के लिए समर्पित 24७7 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इस संबंध में पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री डॉ.रवजोत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार समूची स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है तथा प्रभावित लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए लगातार समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से भी

**EMERGENCY**
**PHONE NUMBERS**

तत्काल सहयोग की अपील की है ताकि प्रभावित व्यक्तियों की शीघ्र वापसी संभव हो सके।

पंजाब भवन में आज यह घोषणा करते हुए पंजाब के एन. आर. आई. मामलों के मंत्री डॉ.रवजोत सिंह ने कहा, 'राज्य सरकार हालात पर लगातार नजर रख रही है और प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त कॉल्स पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।'

उन्होंने भरोसा दिलाया, 'हमें मध्य एशिया से लगातार फोन कॉल प्राप्त हो रहे हैं, जिनमें अधिकांश पंजाबी पर्यटक शामिल हैं। पंजाब सरकार विदेशों में फंसे हर पंजाबी के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी सुरक्षित निकासी तथा घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।' सहायता व्यवस्था की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि तत्काल सहायता एवं समन्वय के लिए 0172-2260042, 0172-2260043 (विदेशी नागरिकों के लिए) और 1100 (भारत के निवासियों के लिए) हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

# ईरान हमले के बाद मार्केट खुलने पर सेंसेक्स 1100 पॉइंट्स गिरा, निफ्टी 330 पर

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मार्च। वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव से ग्लोबल मार्केट में उतार-चढ़ाव के चलते सोमवार को इंडियन इक्विटी मार्केट में गिरावट देखी गई। बीएसई सेंसेक्स ओपनिंग पर 1,100 पॉइंट्स गिरा। इस बीच, एनएसई निफ्टी 50 330 पॉइंट्स गिरा। बड़े मार्केट इंडेक्स भी नीचे ट्रेड कर रहे थे, निफ्टी मिडकैप 100 अपने पिछले क्लोज 59,115.60 से 57,090.80 पर खुला, और निफ्टी स्मॉलकैप 100 अपने पिछले क्लोज 16,928.90 से 16,289.60 पर खुला। सेक्टोरल इंडेक्स में, निफ्टी रियल्टी सबसे ज्यादा गिरा। सिग्नेचरग्लोबल, गोदरेज प्रॉपर्टीज, और लोढ़ा डेवलपर्स और दूसरे रियल्टी शेयर ओपनिंग पर गिरे। निफ्टी रियल्टी के बाद निफ्टी मीडिया, निफ्टी ऑयल, और गैस इंडेक्स रहे।




## कई बड़ी कंपनियों टॉप लूज़र्स में शामिल

मार्केट खुलने पर टॉप लूजर्स में अकी इंडिया लिमिटेड, राजेश एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, और फ्यूचर लाइफस्टाइल फैशन्स लिमिटेड शामिल थे। दूसरी ओर, टॉप गेनर्स में स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड, और मिश्रा धातु निगम लिमिटेड शामिल थे।

## युद्ध के बाद यह कमजोर संकेत

प्री ओपनिंग पर, सेंसेक्स 3.4 प्रतिशत या 2,743 पॉइंट्स गिरकर 78,543.73 पॉइंट्स पर था, जबकि निफ्टी 50 2.06 प्रतिशत या 519.40 पॉइंट्स नीचे 24,659.25 पर ट्रेड कर रहा था। इससे पहले, GIFT निफ्टी ने दलाल स्ट्रीट के लिए गैप-डाउन ओपनिंग का संकेत दिया, जो शुरूआती ट्रेड में 150 पॉइंट्स से ज्यादा गिर गया। वीकेंड में ईरान पर यूएस-इजराइल के जॉइंट स्ट्राइक के बाद ग्लोबल मार्केट में बिकवाली के बाद ये कमजोर संकेत मिले।

## डॉलर के मुकाबले रुपया गिरा

सोमवार को यूएस डॉलर के मुकाबले रुपया भी गिरकर 91.26 पर खुला। शुक्रवार को यह 90.98 डॉलर प्रति डॉलर पर बंद हुआ। जैसा कि उम्मीद थी, मेटल्स में लचीलेपन की एक दुर्लभ जगह दिखी क्योंकि इन्वेस्टर्स सेफ-हेवन फ्लो की ओर मुड़ रहे हैं। खास तौर पर, बेंचमार्क इंडेक्स शुक्रवार को बड़े पैमाने पर बिकवाली के बीच पहले ही नीचे बंद हुए थे। ग्लोबल संकेतों के पूरी तरह से नेगेटिव होने और जियोपॉलिटिकल अनिश्चितता बढ़ने के साथ, जल्द ही उतार-चढ़ाव बना रहने की उम्मीद है।

## तेल की कीमतें बढ़ी

इसके उलट, तेल की कीमतें बढ़ गई क्योंकि ट्रेडर्स ने एक मुख्य प्रोड्यूसिंग रीजन से सप्लाई रिस्क का अंदाजा लगाया। ब्रेंट क्रूड तेजी से उछला, जबकि यूएस क्रूड फ्यूचर्स शुरूआती ट्रेड में 8 प्रतिशत तक चढ़ गया। एनर्जी की कीमतों में तेजी ने ऐसे समय में महंगाई की चिंताओं को बढ़ा दिया है जब ग्लोबल सेंट्रल बैंक एक नाजुक ग्रोथ माहौल से गुजर रहे हैं।

## ईरान संघर्ष : दुनिया भर में मार्केट डरे हुए हैं

यूएस स्टॉक फ्यूचर्स भी रात भर के ट्रेड में गिरे, डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज पर फ्यूचर्स एक समय में लगभग 400 पॉइंट्स नीचे, लगभग 1 प्रतिशत नीचे ट्रेड कर रहे थे। र&ढ 500 और ठ२ाि-100 पर फ्यूचर्स भी लगभग 1 परसेंट गिरे, जो एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध और तेल सप्लाई पर इसके असर को लेकर बढ़ती चिंता को दिखाता है। यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि लड़ाई जारी रहेगी और ईरान की जवाबी कार्रवाई में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की कसम खाई। द न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में, ट्रंप ने कहा कि यह झगड़ा चार से पांच हफ़्ते तक चल सकता है, जिससे इन्वेस्टर्स के लंबे टकराव के डर को और बल मिला।

## अनिश्चितता वेस्ट एशियन मार्केट्स में फैली

यह अनिश्चितता वेस्ट एशियन मार्केट्स में भी फैल गई। वअए में कैपिटल मार्केट अथॉरिटीज के मुताबिक, सोमवार और मंगलवार को अबू धाबी सिक्योरिटीज एक्सचेंज और दुबई फाइनेंशियल मार्केट में ट्रेडिंग रोक दी गई। एशियाई मार्केट्स तेजी से नीचे खुले। जापान का निक्केई 225 और साउथ कोरिया का कोस्पी शुरूआती ट्रेड में 2-3 प्रतिशत तक गिरे, फिर कुछ नुकसान कम हुआ। हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स भी लाल निशान पर खुला, जबकि मेनलैंड चीन का CSI 300 नीचे आया।

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222




2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# ईरान-अमेरिका तनाव से चमका सराफा बाजार, चंडीगढ़ में सोना 1.72 लाख पार



चंडीगढ़, यूटर्न, 02 मार्च। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने स्थानीय बाजारों पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। ईरान और अमेरिका के बीच तल्ख होते संबंधों के चलते निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ा है, जिसका सीधा फायदा सोना और चांदी को मिल रहा है। चंडीगढ़ के सराफा बाजार में पिछले एक सप्ताह के भीतर कीमती धातुओं के दामों में तेज उछाल दर्ज किया गया है।

## 24 कैरेट सोना, 1.72 लाख के पार

स्थानीय बाजार के आंकड़ों के अनुसार, 24 कैरेट सोना 25 और 26 फरवरी को 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। 28 फरवरी को इसमें तेजी आई और भाव 1,67,000 रुपये हो गए। 2 मार्च को सोना 1,72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया।

## अन्य श्रेणियों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई

- 22 कैरेट: 1,51,100 रुपये से बढ़कर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम
- 18 कैरेट: 1,26,300 रुपये से बढ़कर 1,32,200 रुपये
- 14 कैरेट: 1,00,700 रुपये से बढ़कर 1,05,400 रुपये

## चांदी में भी मजबूती

चांदी के दामों में भी उल्लेखनीय उछाल देखने को मिला है। 25 फरवरी को 278 रुपये प्रति ग्राम बिक रही चांदी 2 मार्च को 300 रुपये प्रति ग्राम पर पहुंच गई। वहीं चांदी का सिक्का 3,300 रुपये से बढ़कर 3,600 रुपये तक जा पहुंचा।

## निवेशकों का झुकाव 'सेफ हेवन' की ओर

चंडीगढ़ ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक जोखिमों के चलते निवेशक पारंपरिक रूप से सुरक्षित माने जाने वाले विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। सोना और चांदी ऐसी परिस्थितियों में भरोसेमंद निवेश माने जाते हैं। सराफा कारोबारियों के अनुसार, यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव और बढ़ता है तो आने वाले दिनों में कीमतों में और तेजी संभव है। फिलहाल बाजार में मांग और भाव दोनों में मजबूती बनी हुई है।

# चर्चा: 10 प्रतिशत कमीशन देकर कूड़ा लिफ्टिंग व सेग्रीगेशन के लिए टेंडर, अब नई कंपनी की चर्चाओं पर शशोपंज में पुराने ठेकेदार

## लुधियाना कारपोरेशन में करीब 1150 करोड़ का कूड़ा टेंडर एस्टिमेंट तैयार करने का मामला

लुधियाना/यूटर्न/3 मार्च। लुधियाना कारपोरेशन में कूड़ा घरों से उठाने, लिफ्टिंग और प्रोसेसिंग के नए टेंडर लगाकर बड़ा खेल करने की तैयारी करने की चचार्एं है। इसके लिए करीब 1150 करोड़ रुपए का नया टेंडर लगाने का एस्टिमेंट बनाया गया है। लेकिन इस टेंडर की चचार्एं सामने आने के बाद मौजूदा समय में कूड़ा लिफ्टिंग से सेग्रीगेट कर रही कंपनियों के लिए नई दुविधा खड़ी हो गई है। चचार्एं हैं कि उक्त कंपनियों के ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत कमीशन देकर ठेके लिए थे। लेकिन अब नई कंपनी आने पर उन्हें साइडलाइन किया जा सकता है। जिसके चलते ठेकेदार नई शशोपंज में फंस गए हैं। चचार्एं हैं कि कूड़ा लिफ्टिंग व सेग्रीगेशन के लिए 10 प्रतिशत कमीशन का खेल हुआ। जिसमें शहर का एक एसई, बड़े साहब और चंडीगढ़ की एक महिला उच्च अधिकारी शामिल है। हालांकि इन अधिकारियों के नाम से कारपोरेशन में सभी अच्छे तरह से वाकिफ है। लेकिन फिर भी एक दूसरे को नाम पूछकर स्वाद लेने में लगे हुए हैं। जबकि यह चचार्एं लुधियाना कारपोरेशन में जोरों पर हैं।



**पुराने ठेकेदार असमंजस में...** चचार्एं हैं कि अगर नई कंपनी को 1150 करोड़ का ठेका दिया जाता है, तो उसकी और से घरों से कूड़ा उठाने से लेकर सेग्रीगेट करने तक पूरा काम खुद किया जाएगा। ऐसे में पुराने ठेकेदारों पर तलवार लटकनी शुरू हो चुकी है। अगर नई कंपनी ही सारा काम करेगी, तो आशंका है कि लिफ्टिंग व सेग्रीगेशन करने वाले पुराने ठेकेदारों का टेंडर रद्द किया जा सकता है। ऐसे में पुराने ठेकेदारों में असमंजस की स्थिति बनी है।

**मौजूदा समय में यह कंपनियों कर रही काम...** बता दें कि मौजूदा समय में अलग अलग कंपनियों को कूड़ा प्रबंधन के टेंडर दे रखे हैं। जिसमें अलायंस कंपनी को हंबड़ा रोड डंप से कूड़ा सेग्रीगेट करने का साढ़े सात करोड़ का टेंडर दिया हुआ है। वहीं सागर मोटर्स को टिब्बा रोड का 19 लाख टन पुराना कूड़ा सेग्रीगेट करने का 71 करोड़ का टेंडर दिया हुआ है। वहीं ग्रीनटेक कंपनी को 55 करोड़ रुपए का ताजा कूड़ा सेग्रीगेट करना का टेंडर मिला हुआ है। इसके अलावा प्यारा सिंह एंड कंपनी द्वारा कांपेक्टरों से कूड़ा उठाकर डंप पर गिराया जाता है। चचार्एं हैं कि इन टेंडरों को भारी भरकम कमीशन देकर लिया गया था।

**आठ साल के लिए लगेगा टेंडर...** चर्चा है कि निगम अधिकारियों द्वारा 1150 करोड़ रुपए का टेंडर एस्टिमेंट बनाया गया है। जिसमें टेंडर लेने वाली कंपनी घरों से कूड़ा उठाएगी, फिर उसे लिफ्टिंग कर डंप तक पहुंचाएगी और आगे प्रोसेसिंग भी करेगी। इस पूरे कार्य के लिए एक ही कंपनी को टेंडर दिया जाएगा। एस्टिमेंट मुताबिक आठ साल के लिए टेंडर दिया जाएगा और 170 करोड़ रुपए प्रति साल खर्च होंगे। इस टेंडर के मुताबिक निगम ठेकेदार को 3300 रुपए प्रति टन पेमेंट अदा करेगी।

**अगर पहले ठेके गलत, तो इसका जिम्मेदार कौन...** लुधियाना शहर स्वच्छता के मामले में पिछड़ चुका है। अगर अधिकारी मौजूदा ठेकों से खुश नहीं हैं, तो इसके पीछे आखिर जिम्मेदार कौन है। चर्चा है कि इन कंपनियों को ठेका देने वाले अफसरों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं चर्चा है कि अगर मौजूदा ठेकेदार सही से काम नहीं कर रहे तो क्या गारंटी है कि नया ठेकेदार सही से काम करेगा। चर्चा है कि अगर टेंडर अलॉट करने वाले निगम अधिकारी लिखित में इसकी गारंटी देने के लिए तैयार हैं, फिर तो ठीक है।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 मंगलवार, 03 मार्च 2026



पेज 06 राम नाम जपने से भय होता है दूर: संत अश्वनी बेदी...

# जन हितैषी Re-Live Fest में 50 बुद्धिजीवियों ने किया ऑर्गन डोनेशन

## लाइफ बियोंड लाइफ का नजरिया समाज के लिए बना जीवन का नया यूटर्न : संत अश्विनी बेदी















लुधियाना/यूटर्न/2 मार्च। यूटर्न टाइम अखबार और जन हितैषी न्यूज चैनल की और से री-लीव फेस्ट के जरिए अंगदान, खूनदान और मेडिकल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस फेस्ट को शहरवासियों द्वारा भरपूर समर्थन दिया गया। वहीं इस दौरान 50 लोगों द्वारा एक नई पहल करते हुए ऑर्गन डोनेट किए हैं। इस आयोजन में श्री राम शरणम आश्रम सिविल लाइंस के प्रमुख अश्वनी बेदी की और से परिवार समेत शिरक्त की। उन्होंने कहा कि आज के समय में सोसायटी में अंगदान की अहम कमी थी। यूटर्न टाइम अखबार और जन हितैषी न्यूज चैनल ने इस पहलू को समझा और लोगों के बीच लेकर आए। इससे लोगों को इसी जिंदगी में दोबारा जीने का एक नजरिया मिलेगा। लाइफ बियॉन्ड लाइफ नारे पर आयोजित इस री-लीव फेस्ट में समाज के लिए जीवन का नया यूटर्न मिला है।



























Uturn Time 03 Mar 2026_Layout 2 02-03-2026 23:54 Page 4



# पंजाब के ऊनी और फैंसी धागा कारोबार में गंगा एक्रोवूल्स करेगी 750 करोड़ का निवेश; अरोड़ा

## 1500 नए लोगों को मिलेगा रोजगार , प्रदूषण नियंत्रण के दृष्टिकोण से पराली ईंधन वाले ब्वायलर पर मुख्य फोकस

नवीन गोगना

चंडीगढ़, यूटर्न, 2 मार्च। इंडस्ट्री ट्रेड , निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय निकाय मंत्री संजय अरोड़ा ने ऊनी और फैंसी धागे की अग्रणी कंपनी गंगा एक्रोवूल्स के पंजाब में कारोबार विस्तार के तहत ७५० करोड़ के नए निवेश की घोषणा की।



मंत्री अनुसार इस नए निवेश से जहां राज्य में 1500 नए लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। वही कम्पनी द्वारा प्रदूषण की समस्या के निवारण हेतु पराली बेस ब्वायलर स्थापित करते हुए आपस पास २५ किलों मीटर तक के गावों को पराली की समस्या से निजात दिलाया जाएगा। नए प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए मंत्री अरोड़ा ने बताया कि कंपनी पंजाब में 690 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है, जिसमें से 53 करोड़ रुपये पराली आधारित बॉयलर और टरबाइन परियोजना पर खर्च किए जाएंगे। इससे प्रतिवर्ष लगभग 1,20,000 टन पराली (10,000 टन प्रति माह) की खपत होगी, जो 20-25 किलोमीटर के दायरे में आने वाले खेतों में पराली जलाने की समस्या को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। कंपनी एमडी अमित थापर ने बताया कि पिछली इन्वेस्ट समिट में 301 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की गई थी। राज्य में अनुकूल औद्योगिक वातावरण, इज ऑफ दुइनिंग बिजनेस से प्रोत्साहित होकर कम्पनी ने निवेश राशि को बढ़ाकर पहले 690 करोड़ और अब लगभग 750 करोड़ रुपये करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 400 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही किया जा चुका है और शेष निवेश अगले 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विस्तार के बाद कंपनी बुनाई, कारपेट और तकनीकी टेक्सटाइल के विभिन्न सेगमेंट के लिए धागे का निर्माण करेगी। यह विस्तार उच्च मूल्य वाले टेक्सटाइल उत्पादन और निर्यात में पंजाब की स्थिति को और मजबूत करेगा।

# सेक्टर-33 स्थित राजस्थान भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होलिका दहन व होली मिलन समारोह

चंडीगढ़, यूटर्न, 2 मार्च। राजस्थान परिषद (रजि.), चंडीगढ़ द्वारा सेक्टर-33 स्थित राजस्थान भवन में सोमवार शाम भव्य होलिका दहन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ किया गया। कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों के अलावा शहर के कई गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए।



शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत होलिका दहन किया गया। श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि, शांति और सामाजिक सद्भाव की कामना की। पूरा परिसर रंग-बिरंगी रोशनी और उत्सवी माहौल से सराबोर नजर आया।

इसके पश्चात प्रसिद्ध कलाकार राहुल बुजवासी एंड पार्टी ने मनमोहक रासलीला प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पारंपरिक होली गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में विशेष रूप से राजस्थानी व्यंजनों की आकर्षक व्यवस्था की गई, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया।

स्वाद और संस्कृति के संगम ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। परिषद के अध्यक्ष राज किशोर सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और परंपराओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पंचकूला पुलिस ऑपरेशन आक्रमण : पंचकूला में 24 मामले दर्ज, 51 आरोपी गिरफ्तार



पंचकूला, यूटर्न, 02 मार्च। जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पंचकूला पुलिस ने रविवार को विशेष अभियान 'ऑपरेशन आक्रमण' चलाया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता और डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में 38 विशेष टीमों का गठन किया गया, जिनमें 192 पुलिस अधिकारी व जवान शामिल रहे। सुबह तड़के से ही टीमों ने जिलेभर में चिन्हित अपराधियों के संभावित ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने 24 मामले दर्ज कर 51 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आबकारी अधिनियम के तहत 6 मामले दर्ज कर 6 आरोपियों को पकड़ा गया, जबकि जुआ अधिनियम में 8 मामलों में 8 आरोपी गिरफ्तार किए गए। खुले में शराब पीने वाले 3 युवकों को भी काबू किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार हुआ। पुलिस ने 149 बोतल अवैध देसी शराब और जुए से संबंधित 23,760 रुपये नकद बरामद किए। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लेन ड्राइविंग नियमों के उल्लंघन पर 10 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा हत्या के प्रयास के 2 आरोपी, मारपीट के 9 आरोपी और 4 उद्घोषित अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया। एडीजीपी शिवास कविराज ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



# दीपक हॉस्पिटल में शहरवासियों के लिए अत्याधुनिक मशीन से 2 हजार में MRI की सुविधा

लुधियाना, यूटर्न, 02 मार्च। आरती ग्रुप के चेयरमैन महेश मित्तल ने संत अश्विनी बेदी की उपस्थिति में दीपक हॉस्पिटल में मरीजों की सुविधा के लिए नए अत्याधुनिक एमआरआई सेंटर का शुभारम्भ किया है।







जिसका उद्देश्य शहरवासियों को 2 से 3 हजार में वर्ल्ड क्लास MRI सुविधा उपलब्ध करवाना है। गौरतलब है की दीपक हॉस्पिटल में करोड़ों की लागत से सीमेंस की नवीनतम 1.5 टेस्ला फ्लो प्लस एमआरआई मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन न्यू एमआरआई मशीन नवीनतम हीलियम-फ्री टेक्नोलॉजी से लैस है, जो इसे पर्यावरण के अनुकूल और रखरखाव की दृष्टि से अधिक किफायती बनाती है।

इस अवसर डॉक्टर डॉक्टर परमजीत सिंह , डॉक्टर दिनेश गुप्ता, उमा गुप्ता, रांचल मित्तल ,एनसी जैन सहित कई रहे उपस्थित। हॉस्पिटल के प्रवक्ता सीए बृजेश गुप्ता ने बताया की नई मशीन में आधुनिक डीआरबी (डीप रेजोल्यूशन बूस्ट) सिस्टम लगाया गया है, जिसकी मदद से स्कैन समय में लगभग 40 से 50 प्रतिशत तक की कमी आती है। कम समय में उच्च गुणवत्ता और बेहतर रेजोल्यूशन वाली इमेज प्राप्त होने से मरीजों को अधिक सटीक और तेज जांच सुविधा मिल सकेगी।मशीन की एक और विशेषता इसका टू नॉइजलेस (बिल्कुल कम शोर वाला) सिस्टम है, जिससे स्कैन के दौरान मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा या घबराहट का सामना नहीं करना पड़ेगा। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और क्लॉस्ट्रोफोबिया से ग्रस्त मरीजों के लिए यह तकनीक बेहद लाभकारी साबित होगी।

Uturn Time 03 Mar 2026_Layout 2  02-03-2026  23:54  Page 5





पेज 12 यूएस-ईरान लड़ाई में पहले भारतीय की मौत...

# हरियाणा राज्यसभा चुनाव: बीजेपी से बिश्नोई, बिट्टू मैदान में, कांग्रेस नेता राव नरेंद्र सिंह, उदय भान रेस में

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मार्च। बीजेपी और कांग्रेस अगले महीने खाली हो रही दो राज्यसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर सकते हैं। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस की झोली में आने वाली एक सीट के लिए 10 उम्मीदवारों ने अप्लाई किया है।

सूत्रों का कहना है कि उम्मीदवार कोई अंदरूनी व्यक्ति होगा, जबकि जिन बाहरी लोगों के नाम चर्चा में हैं, उन्हें पार्टी टिकट देने की संभावना नहीं है। सूत्रों का कहना है कि इस हिसाब से कांग्रेस नेता आनंद शर्मा रेस से बाहर हैं। आवेदकों में राज्य प्रमुख राव नरेंद्र सिंह, पूर्व राज्य प्रमुख उदय भान और अन्य सहित चार अहीर नेता शामिल हैं। पार्टी के एक सीनियर ने कहा, चुने गए उम्मीदवार का नाम दोपहर तक आने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा पिछले हफ्ते दिल्ली में थे, जब हरियाणा विधानसभा का सेशन चल रहा था, ताकि वे अपने उम्मीदवार के लिए दबाव बना सकें।



## बीजेपी करेगी दिल्ली में मीटिंग

बीजेपी भी दिल्ली में एक मीटिंग करने वाली है और नामों का एक पैनल हाईकमान को भेज दिया गया है। जिन नामों पर बात चल रही है, उनमें सुनीता दुग्गल और राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू के साथ-साथ हिसार के पूर्व टढ कुलदीप बिश्नोई भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि बीजेपी कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने को तैयार एक इंडिपेंडेंट उम्मीदवार को सपोर्ट कर सकती है।

## बिट्टू का अप्रैल में खत्म होगा कार्यकाल

बिट्टू अगस्त, 2024 में राजस्थान से राज्यसभा के लिए एक उपचुनाव में बिना किसी विरोध के चुने गए थे। यह चुनाव ऊपरी सदन की सीट खाली होने के बाद हो रहा है और किसी दूसरे उम्मीदवार के नॉमिनेशन फाइल न करने से बिट्टू की जीत बिना किसी मुकाबले के पक्की हो गई थी। उन्हें दो साल के लिए चुना गया और यह जून में खत्म हो रहा है। दो राज्यसभा सदस्यों, किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म होगा। उनका कार्यकाल पूरा होने के कारण खाली हो रही सीटों को भरने के लिए, पिछले हफ्ते हर दो साल में होने वाले चुनाव का शेड्यूल नोटिफाई किया गया था। दोनों सीटों के लिए 5 मार्च तक नॉमिनेशन फाइल किए जा सकेंगे, नॉमिनेशन पेपर की स्क्रूटनी 6 मार्च को होगी और कैंडिडेट 9 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो 16 मार्च को वोटिंग होगी।

# कोर्ट अवमानना में गुरप्रीत सिद्धू दोषी, एक साल की न्यायिक हिरासत को ही सजा माना

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मार्च। जिला अदालत ने रियल एस्टेट कंपनी 'इमर्जिंग इंडिया' के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरप्रीत सिंह सिद्धू को अदालत की कार्यवाही से गैरहाजिर रहने के मामले में दोषी ठहराया है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सिद्धू पिछले एक वर्ष से न्यायिक हिरासत में हैं और यह अवधि उनके लिए पर्याप्त सबक है, इसलिए इस प्रकरण में अतिरिक्त सजा देने की आवश्यकता नहीं है।




## पेशी से गैरहाजिर रहने पर घोषित हुए थे भगोड़ा

सिद्धू के खिलाफ विभिन्न उपभोक्ता मामलों की सुनवाई के दौरान अदालत में पेश न होने पर उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया था। इसके बाद चंडीगढ़ पुलिस ने अप्रैल 2025 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। तब से वह जेल में बंद हैं।

## कई मामले अब भी लंबित

सूत्रों के अनुसार, सिद्धू के खिलाफ 10 से अधिक आपराधिक मामले, दर्जनों उपभोक्ता शिकायतें और कई सिविल केस लंबित हैं। उपभोक्ता मंचों में भी उनके खिलाफ अनेक शिकायतें विचाराधीन हैं। हालांकि इस विशेष मामले में अदालत ने एक साल की हिरासत को ही सजा मान लिया है, लेकिन अन्य लंबित मामलों के चलते फिलहाल उनकी रिहाई संभव नहीं है। वे आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक जेल में ही रहेंगे। अदालत के इस फैसले को न्यायिक अनुशासन और अदालत की कार्यवाही की गंभीरता के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# होली पर पीयू में सख्त सुरक्षा व्यवस्था, सीमित गेटों से ही आवाजाही




चंडीगढ़, यूटर्न, 02 फरवरी। होली के मद्देनजर पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने चार मार्च (बुधवार) को कैंपस में विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश और निकास केवल दो निर्धारित गेटों से ही संभव होगा। प्रशासनिक आदेश के अनुसार, सेक्टर-15 की ओर स्थित गेट नंबर-2 और साउथ कैंपस में सेक्टर-14 की तरफ स्थित एलुमनी गेट से ही छात्रों, कर्मचारियों और आगंतुकों को आने-जाने की अनुमति दी जाएगी। अन्य सभी प्रमुख प्रवेश द्वार अस्थायी रूप से बंद रहेंगे।

## ये गेट रहेंगे बंद

निर्धारित समय के दौरान सेक्टर-14 स्थित गेट नंबर-1 और गेट नंबर-3, सेक्टर-24 की ओर यूआईईटी गेट तथा साउथ कैंपस में सेक्टर-38 की तरफ डेंटल कॉलेज गेट बंद रहेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपना पहचान पत्र (आई-कार्ड) अनिवार्य रूप से साथ रखें। सुरक्षा जांच के दौरान बिना आई-कार्ड प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## छात्रावासों के लिए विशेष दिशा-निर्देश

छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं को निर्धारित समय के दौरान बाहर जाने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन छात्रावास परिसर में बाहरी छात्रों के प्रवेश पर रोक रहेगी। होली के अवसर पर स्टूडेंट सेंटर के आसपास की दुकानें और कैंटीन भी बंद रहेंगी। प्रशासन का कहना है कि यह कदम त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

# होली से पहले चंडीगढ़ में बम धमाके की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मार्च।होली से ठीक पहले शहर में बम धमाके की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। धमकी भराई-मेल मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड पर आ गईं। ई-मेल में सेक्टर-34 स्थित पासपोर्ट कार्यालय, सेक्टर 17 स्थित बस स्टैंड समेत कई अहम स्थानों को निशाना बनाने की बात कही गई है। सूचना मिलते ही



चंडीगढ़ पुलिस ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और संदिग्ध स्थानों की गहन जांच की गई। हालांकि, देर शाम तक किसी भी प्रकार की विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई।

## प्रमुख स्थानों पर सघन जांच

धमकी में जिन स्थानों का जिक्र किया गया, उनमें सेक्टर-34 स्थित पासपोर्ट कार्यालय चंडीगढ़ और सेक्टर 17 बस स्टैंड हैं। इसके अलावा शहर के बस स्टैंड और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी तलाशी अभियान चलाया गया।

## शहर के प्रवेश द्वारों पर कड़ी नाकेबंदी

त्योहार के मद्देनजर शहर में आने-जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर नाकेबंदी सख्त कर दी गई है। बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की विशेष जांच की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी थाने या कंट्रोल रूम को सूचित करें। फिलहाल स्थिति सामान्य है, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है ताकि होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# राम नाम जपने से भय होता है दूर : संत अश्वनी बेदी








लुधियाना, यूटर्न, 02 मार्च। श्री राम शरणम , श्री राम पार्क में सत्संग के दौरान संत अश्वनी बेदी जी ने कहा कि 'राम नाम जपने वालों को डर भय नहीं सताता' उन्होंने कहा राम नाम एक अमोघ शक्ति और परम चेतना का प्रतीक हैं।

पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने कहा है कि जिस हृदय में राम नाम का वास होता है, वहां भय, चिंता और असुरक्षा के लिए कोई स्थान नहीं बचता। मनुष्य के जीवन में भय का मुख्य कारण अनिश्चितता और अकेलापन होता है। जब कोई व्यक्ति राम नाम का जप करता है, तो उसका यह विश्वास गहरा हो जाता है कि एक परम शक्ति सदैव उसके साथ है। यह 'ईश्वरीय उपस्थिति' का अहसास उसे मानसिक रूप से इतना सबल बना देता है कि वह बड़ी से बड़ी विपत्ति में भी विचलित नहीं होता। मानसिक शांति और एकाग्रता,

राम नाम का निरंतर जप मन के शोर को शांत करता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो:जप करने से मस्तिष्क में चल रहे व्यर्थ के नकारात्मक विचारों का अंत थम जाते हैं। एकाग्रता बढ़ने से आत्मबल बढ़ता है, जिससे 'कायरता' स्वतः समाप्त हो जाती है। राम नाम एक 'मंत्र' की तरह काम करता है जो शरीर और मन को शिथिल कर भय जनित तनाव को दूर करता है।

भय पर विजय पाने का सबसे बड़ा उदाहरण भक्त शिरोमणि हनुमान जी हैं। उनकी पूरी शक्ति का स्रोत 'राम नाम' ही है।

## जीवन के अंतिम भय मृत्यु से मुक्ति

संसार का सबसे बड़ा भय 'मृत्यु' का है। राम नाम जपने वाला व्यक्ति यह जान जाता है कि आत्मा अजर-अमर है। जब व्यक्ति स्वयं को परमात्मा का अंश मानने लगता है, तो मृत्यु का भय भी एक सामान्य परिवर्तन जैसा लगने लगता है। गांधी जी के मुख से निकले अंतिम शब्द 'हे राम' इसी निर्भयता और पूर्ण समर्पण के प्रतीक थे।

निष्कर्ष : राम नाम जपना केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि निर्भय जीवन जीने की एक कला है। यह नाम व्यक्ति के भीतर साहस, संतोष और धैर्य का संचार करता है। जिस प्रकार सूर्य के उदय होते ही अंधकार विलीन हो जाता है, उसी प्रकार हृदय में राम नाम के उदय होते ही भय के सारे साये समाप्त हो जाते हैं।

सभा में राजन कपूर , सना जिंदल , रामेश्वर गुप्ता , शशि गुप्ता , राज गुप्ता , मधु बजाज , माँ रेखा बेदी जी , आशिमा बेदी , रमणीक बेदी जी , संयम बेदी भल्ला , वरिंदर जैन , प्रेम मित्तल , अदिति मित्तल , शुचिता दुग्गल , किरण खरबंदा , इशू धवन , संजीव धवन , मीरा धवन सहित अनेक साधक सम्मिलित हुए ।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Gift Deed बनाम Will — किसमें क्या अंतर और क्या जोखिम?**

संपत्ति को जीवनकाल में ही देना बेहतर है या मृत्यु के बाद वसीयत के जरिए? यही मूल अंतर है Gift Deed और Will के बीच। दोनों का उद्देश्य संपत्ति हस्तांतरित करना है, लेकिन समय, प्रभाव और जोखिम अलग हैं।

Will व्यक्ति के जीवनकाल में प्रभावी नहीं होती। यह केवल मृत्यु के बाद लागू होती है और व्यक्ति इसे कभी भी बदल सकता है। जब तक Testator जीवित है, संपत्ति पर पूरा नियंत्रण उसी का रहता है। यही Will का सबसे बड़ा लाभ है—लचीलापन।

इसके विपरीत Gift Deed तत्काल प्रभाव से लागू होती है। जैसे ही विधिक रूप से पंजीकृत Gift Deed बनती है, संपत्ति का स्वामित्व प्राप्तकर्ता (Donee) को हस्तांतरित हो जाता है। देने वाला व्यक्ति (Donor) सामान्यतः बाद में उसे वापस नहीं ले सकता, जब तक कि विशेष शर्तें दर्ज न हों।

Gift Deed का एक बड़ा कानूनी पहलू यह है कि यह अनिवार्य रूप से registered होनी चाहिए। बिना पंजीकरण के Gift Deed वैध नहीं मानी जाती। जबकि Will का registration अनिवार्य नहीं है।

जोखिम कहाँ है?

Will में विवाद की संभावना मृत्यु के बाद होती है—जैसे मानसिक क्षमता, दबाव या गवाहों पर सवाल। Gift Deed में जोखिम यह है कि संपत्ति तुरंत चली जाती है। यदि पारिवारिक संबंध बाद में बिगड़ जाएँ, तो वापस लेना आसान नहीं होता।

कर (tax) और स्टाम्प ड्यूटी के पहलू भी दोनों में अलग हो सकते हैं, जो राज्य और परिस्थिति पर निर्भर करते हैं।

निष्कर्ष: Will लचीलापन देती है, Gift Deed तुरंत स्वामित्व बदलती है। निर्णय भावनात्मक नहीं, बल्कि कानूनी और व्यावहारिक समझ के आधार पर होना चाहिए। संपत्ति का हस्तांतरण एक स्थायी कदम है—सही साधन का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## रूह से रूबरू



चारु नागपाल

### सच और ढोंग में भेद जानना जरूरी है।

हम लोग आजकल ऐसे युग में जी रहे हैं जहाँ सिनेमा, टी.वी. और वैब सीरिज की झूठी और किसी के द्वारा रचित की गई भावनाओं के ड्रामे को देखकर अक्सर लोग रोते दिखते हैं जिन्हें देखकर हम लोग उनकेलिए एक अंगेजी का शब्द प्रयोग करते हैं

कि बेचारा या बेचारी कितना इमोशनल है ऐसा कोई सीन देखकर उसे रोना आ जाता है और उसी के विपरीत अगर कोई इन्सान जीवन की परिस्थितियों से तंग और परेशान होकर दुखी मन से यदि रो पड़ता है तो लोग उसके रोने को ड्रामा समझते हैं। वो बेचारा हृदय से मजबूरियों में भरा रोता है और लोग उसे ढोंगी समझते हैं। ब्लकि जो लोग ढोंग का ड्रामा करते हैं उनके ढोंग पर लोग रोते हैं और असली रोने को लोग ढोंग समझते हैं। ऐसा बस इसलिए है क्योंकि हम लोग नकली संसार में रहते हैं और नकली भावनाओं को अपना मानते हैं।

हमारी प्राचीन पुस्तकें हमारे प्राचीनकाल के लोगों के बारे में बताती हैं कि तब के लोगकिसी दूसरे की भावना का सम्मान करने के खातिर अपने आपको भी किसी की खुशी के लिए समर्पित करने से हिचकिचाते नहीं थे। तभी ऐसे लोगों को युग पुरुष और ऐसे युग को सतयुग कहा जाता था। काश फिर से वो युग वापिस आ जाए जब एक इन्सान दूसरे इन्सान की भावनाओं का दर्द जानने का प्रयास कर सके और वे सच को सच और ढोंग को ढोंग समझने का प्रयत्न कर सकें ताकि इन्सान की आँख का आँसू पानी बनकर बहने की बजाय किसी दूसरे को इतना झकझोर दे कि सब एक दूसरे के सहायक बन जाएँ और कभी किसी की आँख में आँसू आने ही न दें।

## दुग्यार्णा मंदिर अमृतसर में होली, रंगों से सरोबार हुए भक्त, ढोल की थाप पर झूमे



अमृतसर/यूटर्न/2 मार्च। अमृतसर स्थित दुग्यार्णा मंदिर में सोमवार को होली मनाई गई है। यहां होली के एक दिन पहले उत्सव मनाया जाता है। हालांकि 4 मार्च को होली है और 3 मार्च को होली मनाई जानी थी लेकिन चंद्रग्रहण की वजह से इसे एक दिन पहले मनाया गया है। मंदिर के पंडित मेघा श्यामलाल ने बताया कि कल चंद्रग्रहण सुबह करीब 6:20 बजे शुरू होगा और लगभग 65 मिनट तक चलेगा। इस दौरान मंदिर पूरी तरह से बंद रहेंगे। जैसे ही ग्रहण समाप्त होगा, मंदिर के द्वार फिर से खोले जाएंगे। होली उत्सव के दौरान पहले पालकी यात्रा निकाली गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने जमकर एक-दूसरे पर रंग उड़ेला। इस दौरान महिला भक्त नाचती नजर आई। महिला श्रद्धालु रितु ने कहा कि आज दुग्यार्णा मंदिर में वृंदावन जैसा माहौल देखने को मिला है।

## लुधियाना पुलिस को बड़ी सफलता, 1 क्विंटल 05 किलोग्राम गांजा सहित एक नशा तस्कर गिरफ्तार

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 2 मार्च । क्राइम ब्रांच इंचार्ज इंस्पेक्टर नवदीप सिंह की पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से कुल 1 क्विंटल 05 किलोग्राम गांजा बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर थाना हैबोवाल, लुधियाना में एफआईआर दर्ज कर राजपुरा पुली हैबोवाल, लुधियाना में नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान आरोपी संतोष साहनी पुत्र टूसो साहनी निवासी गांव बागोपुर, जिला समस्तीपुर (बिहार), हाल निवासी किरायेदार कुलवंत सिंह का वेहड़ा, गली नंबर 3, पांच पीर रोड, अमृत कॉलोनी डेयरी कॉम्प्लेक्स, लुधियाना को बिना नंबर की सिल्वर ग्रे रंग की एक्टिवा सहित काबू किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 25



किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर 80 किलोग्राम और गांजा बरामद किया गया। इस तरह कुल 1 क्विंटल 05 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश किया जा रहा

Uturn Time 03 Mar 2026_Layout 2 02-03-2026 23:55 Page 7



# राहुल गांधी राज्यसभा में आक्रामक रुख की तैयारी में, रणनीति पर सोनिया-खरगे कशमकश में फंसे

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 2 मार्च। लोकसभा में राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को घेरने के लिए घेराव गैंग बनाया है. अब वह राज्यसभा में भी ऐसा ही घेराव गैंग चाहते हैं. अगले कुछदिनों में बीजेपी और कांग्रेस नौ राज्यों से राज्यसभा की 37 खाली सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित करेंगे. पहली नजर में यह एक सामान्य प्रक्रिया लगती है. लेकिन इस बार मामला जटिल है और राजनीतिक रूप से बड़ा बदलाव ला सकता है, खासकर कांग्रेस के लिए. क्या वह राज्यसभा को वह तेज आवाज दे पाएगी जिसकी जरूरत है.

उम्मीदवारों की सूची अगले तीन साल के लिए राज्यसभा का स्वरूप तय करेगी. क्या बीजेपी ऐसे वरिष्ठ और प्रतिष्ठित पार्टी कार्यकर्ताओं को नामित करेगी जो नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों का मजबूती से बचाव कर सकें और बहस में विपक्ष के आरोपों का जवाब दे सकें. इसी तरह, कांग्रेस की सूची राहुल गांधी के मूड का संकेत देगी. क्या वह चाहते हैं कि उच्च सदन में भी लोकसभा जैसा माहौल और आक्रामक शैली दिखे, खासकर संवेदनशील राजनीतिक मुद्दों पर.

ट्रेजरी बेंच के वरिष्ठ सदस्य यह देख रहे हैं कि क्या राहुल गांधी 4 फरवरी जैसी आक्रामक मुद्रा राज्यसभा में भी जारी रखना चाहते हैं. वह शैली जिसमें पहली पंक्ति में प्रधानमंत्री की सीट के पास जाकर घेराव किया जाता है. कांग्रेस की सोच साफ नजर आती है.



## नई टीम का गठन

राहुल गांधी ने ऐसे 10 से 15 युवा कांग्रेस नेताओं की पहचान की है. लेकिन उन्हें सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ नेताओं से अड़चनें मिल रही हैं. एक वरिष्ठ राज्यसभा सांसद का कहना है कि उच्च सदन दोनों पीढ़ियों का मिश्रण होना चाहिए. राहुल गांधी का तुरंत जवाब है कि कई कांग्रेस नेता मोदी से डरते हैं और आरएसएस और बीजेपी से घबरा जाते हैं. लोकसभा में राहुल गांधी ने मोदी को घेरने के लिए एक घेराव टीम बनाई है. अब वह राज्यसभा में भी वैसी ही घेराव टीम चाहते हैं. राहुल गांधी राज्यसभा में लोकसभा जैसी अव्यवस्था की शैली को दोहराने के लिए कितने उत्सुक हैं. इससे उच्च सदन का चरित्र बदल सकता है, जो परंपरागत रूप से ज्ञानपूर्ण और गंभीर बहस के लिए जाना जाता है. रणनीति यह है कि इसे भी निचले सदन की तरह शोर-शराबे वाली जगह बना दिया जाए. समय सीमा नजदीक है. राहुल गांधी को तय करना है कि उनके भरोसेमंद लोग कौन होंगे. नामांकन की आखिरी तारीख 5 मार्च है. उन्हें तय करना है कि किसे राज्यसभा भेजा जाए ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके, उसे घेरा जा सके और जरूरत पड़े तो हंगामा किया जा सके. लोकसभा की तरह राहुल गांधी चाहते हैं कि उच्च सदन में भी हंगामा हो. शोर-शराबा, अराजकता और यहां तक कि अध्यक्ष पर चिल्लाना या पीठासीन अधिकारियों की ओर कागज फेंकना. अगले दो वर्षों में कांग्रेस को राज्यसभा में मुख्य विपक्षी दल का दर्जा खोने का खतरा भी है.

## राज्यसभा में घटती ताकत

कांग्रेस के पास इस समय राज्यसभा में 25 सांसद हैं. यह संख्या मल्लिकार्जुन खरगे के विपक्ष के नेता बने रहने के लिए जरूरी संख्या से सिर्फ एक ज्यादा है. अप्रैल 2026 में पार्टी कुछ सीटें खो सकती है, भले ही जिन राज्यों में वह मजबूत है वहां से कुछ सीटें बढ़ जाएं. संभावना है कि उसे कर्नाटक से तीन सीटें मिलेंगी, तेलंगाना से दो और राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से एक-एक सीट मिल सकती है. लेकिन कुल मिलाकर कांग्रेस की स्थिति कमजोर है और कई राज्यों में उसे सहयोगियों पर निर्भर रहना पड़ता है. कई बार उसने उन स्थानीय नेताओं के योगदान को कम आंका है, जो अपने-अपने राज्यों में पार्टी की सफलता की असली वजह होते हैं. महाराष्ट्र में कांग्रेस अपनी एकमात्र सीट खुद रखना चाहती है और उसे शरद पवार के गुट को नहीं देना चाहती. तमिलनाडु में स्थिति अलग है. वहां गठबंधन की राजनीति और द्रविड़ मॉडल अहम है. डीएमके किसी उत्तर भारतीय चेहरे को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है, अगर वह उसकी 'स्थानीय पुत्र' वाली सोच से टकराता हो. राहुल गांधी की संभावित सूची में पवन खेड़ा, मीनाक्षी नटराजन, सुप्रिया श्रीनेत, कन्हैया कुमार, कुंवर जितेंद्र सिंह, प्रवीण चक्रवर्ती और अमिताभ दुबे जैसे नाम शामिल बताए जा रहे हैं. दूसरी ओर, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे वरिष्ठ और युवा नेताओं के बीच संतुलन चाहते हैं. उनकी संभावित सूची में अशोक गहलोत, आनंद शर्मा, अभिषेक सिंहवी, भूपेश बघेल, के राजू और टीएस सिंह देव जैसे अनुभवी नेता शामिल हो सकते हैं. चुनाव आयोग ने अप्रैल 2026 में खाली होने वाली 37 राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया है. कांग्रेस के लिए, जिसकी संख्या घट रही है, यह सामान्य प्रक्रिया नहीं है. 2027 तक राज्यसभा में उसकी ताकत और कम हो सकती है. एनडीए धीरे-धीरे उच्च सदन में बहुमत की ओर बढ़ रहा है. किसी भी तरह से देखें, कांग्रेस आक्रामक रुख चाहती है. राहुल गांधी एक लड़ाकू और टकराव वाली राज्यसभा चाहते हैं. क्या उन्हें पर्याप्त समर्थन मिल पाएगा.



## कांग्रेस का आकलन

दोनों सदनों में एक ही रणनीति दिखनी चाहिए. 2029 में बीजेपी को सत्ता से हटाने के लिए सख्त रुख अपनाना. एक बड़ा मास्टर प्लान तैयार हो रहा है. पहला कदम है ऐसे कड़े कांग्रेस नेताओं को नामित करना जो मोदी सरकार पर आक्रामक तरीके से हमला कर सकें.

अपने आंतरिक आकलन में कांग्रेस मानती है कि मोदी सरकार कमजोर है और 12 साल की थकी हुई शासन शैली और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कथित विफलता के कारण एंटी इनकंबेंसी का सामना कर रही है. राहुल गांधी मानते हैं कि लोकसभा में उनके पास जेन-जेड के सक्षम सांसद हैं जैसे मणिकम टैगोर, जोथिमणि, वर्षा एकनाथ गायकवाड़ और पंजाब के कुछ सांसद, जो कांग्रेस छोड़ने वालों को घेर सकते हैं और उन पर हमला बोल सकते हैं, जैसे ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद और रवनीत सिंह बिट्टू. (कांग्रेस छोडने वाले)

राहुल गांधी मानते हैं कि उन्हें संसद के अंदर और बाहर मजबूत मीडिया कवरेज मिला है, जिससे जनता का माहौल कांग्रेस के पक्ष में और मोदी मंत्रियों के खिलाफ बना है. वह और उनकी पार्टी के सांसद लोकसभा में दिए गए अपने साहसी और नाटकीय 'मार्शल आर्ट' जैसे इशारों पर गर्व करते हैं.

उन्होंने जिउ-जित्सु का उदाहरण देते हुए और डोनाल्ड ट्रंप की मजबूत पकड़ वाली हैंडशेक शैली से तुलना करते हुए कहा कि बाहरी ताकतों जैसे अमेरिका और चीन, और हरदीप सिंह पुरी तथा अनिल अंबानी के नाम एपस्टीन फाइलों में आने से प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक ह्लपकड़ह्व और ह्लचोकहोल्डह्व में आ गए हैं. उनका मानना है कि ऐसे संदर्भ रील और शॉर्ट वीडियो में वायरल हुए हैं. अब वह उच्च सदन में भी ऐसे ही तेज और आक्रामक भाषण चाहते हैं.

# स्कूल के बाहर विशेष अभियान, 46 चालान; छात्राओं की सुरक्षा पर फोकस



लुधियाना, यूटर्न, 2 मार्च। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के निर्देशों पर लुधियाना पुलिस ने सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सेक्टर-32 के बाहर विशेष प्रवर्तन एवं चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व एडीसीपी ट्रैफिक गुरप्रीत कौर पुरेवाल ने ट्रैफिक टीमों के साथ किया। उद्देश्य छात्रों और आम जनता के लिए सुरक्षित व अनुशासित माहौल सुनिश्चित करना था। कार्रवाई के दौरान कुल 46 चालान किए गए और एक वाहन जब्त किया गया। बिना नंबर प्लेट के चल रहे 8 वाहनों के चालान काटे गए, जबकि दोपहिया वाहनों से जुड़े विभिन्न उल्लंघनों




पर 42 चालान जारी किए गए। मॉडिफाइड साइलेंसर से 'पटाखा' जैसी आवाज करने वाली बाइकों की सख्त जांच की गई ताकि शैक्षणिक वातावरण प्रभावित न हो। छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी गई और बिना वैध कारण घूम रहे युवकों को चेतावनी दी गई। स्कूल के बाहर खड़े रेहड़ी-फेरी वालों की भी जांच की गई, ताकि किसी प्रकार की अवैध या प्रतिबंधित वस्तु की बिक्री न हो। एडीसीपी पुरेवाल ने कहा कि नियम उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा और ऐसे औचक अभियान अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास भी जारी रहेंगे। पुलिस ने नागरिकों से सहयोग और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना हेल्पलाइन पर देने की अपील की है।

# जगरांव में ब्लॉक समिति चुनाव पर भारी बवाल, आप नदारद, कांग्रेस-अकाली दल का हंगामा

## अधिकारी के रिश्तेदार की मौत पर विवादित टिप्पणी से गरमाई सियासत

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरावा/यूटर्न/2/मार्च। स्थानीय बीडीपीओ (BDPO) कार्यालय में ब्लॉक समिति के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के चुनाव को लेकर सोमवार को जमकर सियासी ड्रामा देखने को मिला। कोरम अधूरा होने और कानूनी प्रक्रिया पूरी न होने का हवाला देकर प्रशासन ने ऐन मौके पर चुनाव स्थगित कर दिया। इसके बाद बीडीपीओ दफ्तर पूरी तरह से 'सियासी अखाड़े' में तब्दील हो गया। विपक्ष (कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल) ने सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (AAP) पर हार के डर से चुनाव टालने का गंभीर आरोप लगाया है। वहीं, बहसबाजी के बीच एक अधिकारी के रिश्तेदार की मौत पर की गई कथित विवादित टिप्पणी ने इस पूरे मामले में आग में घी डालने का काम किया है। कांग्रेस के 13 और अकाली दल के 4 सदस्य मौके पर डटे रहे, जबकि आम आदमी पार्टी (AAP) के 8 सदस्यों में से एक भी चेहरे ने दफ्तर में एंट्री नहीं की। प्रशासन के मुताबिक, कई सदस्यों ने अभी तक पद की शपथ ही नहीं ली थी, जो कि किसी भी चुनाव में हिस्सा लेने के लिए कानूनी रूप से अनिवार्य है। बताया गया कि दफ्तर के एक कर्मचारी के ससुर का अचानक निधन हो गया था, जिसके चलते वीकेंड (शनिवार-रविवार) के कारण कुछ सदस्यों तक चुनाव की आधिकारिक सूचना (नोटिस) नहीं पहुंच सका।


पूर्व अकाली विधायक अकाली कलेर


बीडीपीओ सुरजीत चंद


कांग्रेस के लुधियाना देहाती प्रधान मेजर सिंह मुल्लापरी


आप विधायक सर्वजीत कौर मानुके

### बिना शपथ के कैसे बनते चेयरमैन ?:- विधायक मानूके और BDPO का पलटवार

विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए हलका विधायक बीबी सर्वजीत कौर मानूके ने कहा कि विरोधियों को कानूनी मयार्दाओं का ही ज्ञान नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ₹जब तक कोई सदस्य पद की संवैधानिक शपथ नहीं लेता, वह किसी ओहदे का दावेदार कैसे हो सकता है? उन्होंने बताया कि इस देरी के संबंध में उन्होंने एसडीएम जगरांव (उपिंदरजीत कौर बराड़) से भी जवाब मांगा है। बीडीपीओ सुरजीत चंद ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि सरकार की ओर से 26 फरवरी को चुनाव के निर्देश आए थे। समय कम था और बीच में छुट्टियां आ गईं। सबसे बड़ी बात यह थी कि कई सदस्यों के 'शपथ ग्रहण फॉर्म' ही अधूरे थे, जिन्हें आज पूरा करवाया गया।

### हार के डर से AAP ने रची साजिश:-विपक्ष का तीखा हमला

अकाली दल के नेता और पूर्व विधायक एसआर कलेर ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़े करते हुए कहा कि उनके और कांग्रेस के पास पूर्ण बहुमत है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी और हलका विधायक को पता था कि उनके पास आंकड़ा नहीं है, इसलिए 'नोटिस न पहुंचने' का बहाना बनाकर जानबूझकर चुनाव को लटकाया गया है।

**क्या कहा कांग्रेस के लुधियाना देहाती अध्यक्ष ने :-** कांग्रेस के लुधियाना देहाती प्रधान मेजर सिंह मुल्लांपुर ने इसे एक 'सोची-समझी राजनीतिक साजिश' करार दिया। उन्होंने प्रशासन पर सत्ता पक्ष के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा, जब हलका विधायक को नोटिस जारी हो सकता है, तो AAP के 8 सदस्यों को नोटिस क्यों नहीं मिला? सरकार हमारे सदस्यों को डरा-धमका कर तोड़ने की फिराक में है।



### अमर्यादित- टिप्पणी:- अधिकारी के रिश्तेदार की मौत पर अमर्यादित

टिप्पणी से बवाल....चुनाव टलने के कारणों पर जब बीडीपीओ ने दफ्तर के एक सेक्रेटरी के रिश्तेदार (ससुर) की मौत का हवाला दिया, तो माहौल और ज्यादा गर्म हो गया। आरोप है कि इस दौरान कांग्रेस के देहाती प्रधान मेजर सिंह मुल्लांपुर शब्दों की मयार्दा भूल बैठे और कथित तौर पर कह दिया, ₹अगर उनके किसी रिश्तेदार की मौत हुई है, तो क्या हमने कौन सा उनके संस्कार या फूल चुगने जाना है? इस विवादित बयान पर बीडीपीओ सुरजीत चंद और विधायक सर्वजीत कौर मानूके ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस टिप्पणी को बेहद निंदनीय और अमानवीय करार देते हुए कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन किसी की मौत पर इस तरह की भद्दी बयानबाजी करना किसी भी राजनीतिक नेता को शोभा नहीं देता। फिलहाल, अगली चुनावी बैठक की तारीख का इंतजार है, लेकिन जगराओं की सियासत का पारा इस घटनाक्रम के बाद सातवें आसमान पर पहुंच गया है। सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि आप सरकार की तरफ से ब्लॉक समिति के चेयरमैन के चुनाव को पहले ही स्थगित कर दिया गया है।

**वही देर से आने के बाद जगरांव से कांग्रेसी इंचार्ज जगतार सिंह जग्गा हिसोवाल (जो पहले आम आदमी पार्टी मे विधायक रह चुके हैं) ने 86 अखाड़े में कूदते हुए जोर-जोर से शोर शराबा करते हुए अपनी ताकत की नुमाइश करने की कोशिश की।**

# मिडल ईस्ट में युद्ध से निर्यात प्रभावित, उक्कव ने केंद्र से तुरंत राहत की मांग की; धारा 43B (h) से छूट की अपील

लुधियाना, यूटर्न, 02 मार्च। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) ने मिडल ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसका सीधा और गंभीर प्रभाव भारत के निर्यात-उन्मुख औद्योगिक क्लस्टरों, विशेषकर एमएसएमई आधारित वस्त्र, इंजीनियरिंग और संबद्ध क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

वित्त मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा वस्त्र मंत्रालय को भेजे गए एक एमरजेंसी ज्ञापन में CICU ने मांग की है कि मिडल ईस्ट बाजारों में निर्यात करने वाले उद्योगों को आयकर अधिनियम की धारा 43B (h) के प्रावधानों से तत्काल छूट दी जाए। संस्था का कहना है कि युद्ध के कारण शिपिंग, लॉजिस्टिक्स और



भुगतान चक्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हालिया घटनाक्रम में अमेरिकी और इजराइली सैन्य कार्रवाई तथा ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक व्यापार मार्ग प्रभावित हुए हैं, जहां से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और ऊर्जा आपूर्ति का आवागमन होता है। इसके चलते खाड़ी के प्रमुख बंदरगाहों, विशेषकर जेबेल अली, में भारी देरी और जाम की स्थिति बनी हुई है। बीमा कंपनियों



द्वारा 'वॉर-रिस्क प्रीमियम' बढ़ाने से भी निर्यातकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। CICU प्रधान उपकार सिंह आहूजा ने कहा, 'समुद्री मार्गों में व्यवधान और लॉजिस्टिक्स की अनिश्चितता के कारण घरेलू एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं को 45 दिनों के भीतर भुगतान करना संभव नहीं रह गया है, जबकि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA) के तहत निर्यात प्राप्ति की समयसीमा 15 माह तक हो सकती है। ऐसे में धारा 43B (h) के प्रावधान निर्यातकों के लिए दंडात्मक साबित हो रहे हैं।' उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि घरेलू भुगतान नियमों को FEMA के निर्यात प्राप्ति प्रावधानों के अनुरूप बनाया जाए तथा वर्तमान भू-राजनीतिक संकट से प्रभावित निर्यातकों को धारा 43B (h) से स्थायी छूट प्रदान की जाए। गौरतलब है कि RBI और FEMA नियमों के तहत निर्यातकों को निर्यात राशि प्राप्त करने के लिए सामान्यत: 15 माह तक का समय दिया जाता है, जबकि आयकर अधिनियम की धारा 43B (h) के अनुसार 45 दिन से अधिक देरी से किए गए भुगतान को कर कटौती में मान्य नहीं माना जाता। CICU का कहना है कि वैश्विक परिस्थितियों से उत्पन्न इस असाधारण संकट में उद्योगों को त्वरित राहत देना समय की मांग है।

# होली के अवसर पर 4 मार्च को लुधियाना के सभी ज्वेलर्स शोरूम रहेंगे बंद

लुधियाना, यूटर्न, 02 मार्च। होली के पावन पर्व के अवसर पर 4 मार्च को शहर के सभी आभूषण विक्रेताओं की दुकानें बंद रहेंगी।





यह जानकारी लुधियाना ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रधान आनंद सिकरी और महासचिव मनोज ढांडा ने संयुक्त रूप से दी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि होली के त्योहार को देखते हुए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है, ताकि व्यापारी एवं कर्मचारी अपने परिवार के साथ पर्व मना सकें। उन्होंने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने जरूरी खरीदारी कार्य 4 मार्च से पहले या बाद में निपटा लें।

प्रधान आनंद सिकरी और महासचिव मनोज ढांडा ने कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है, इसलिए सभी व्यापारी इस दिन पूर्ण रूप से अवकाश रखेंगे। वहीं महासचिव मनोज धांडा ने बताया कि 5 मार्च से सभी ज्वेलरी शोरूम अपने नियमित समय पर पुनः खुल जाएंगे। एसोसिएशन ने शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं भी दी हैं।

# नवजोत सिद्धू ने आप सरकार पर साधा निशाना, बोलीं- पंजाब को फ्री सुविधाएं नहीं, नौकरी और बुनियादी ढांचा चाहिए

अमृतसर/यूटर्न/2 मार्च। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने पंजाब की मौजूदा हालत पर बड़े सवाल खड़े किए है। उन्होंने सीधे तौर पर आप सरकार से पूछा है कि आखिर अमृतसर एयरपोर्ट से पंजाब के बड़े शहरों और गांवों तक सीधी बस सेवा क्यों नहीं है। डॉ. सिद्धू ने कहा कि पंजाब के लोग फ्री की रेवड़ियां नहीं, बल्कि बुनियादी सुविधाएं चाहते हैं। सिद्धू ने सवाल किया कि- क्या पंजाब के मुख्यमंत्री सच में पंजाब के लिए फैसले ले रहे हैं या फिर दिल्ली की टीम के इशारों पर सरकार चल रही है।



### कई सवाल किए खड़े

डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने स्पष्ट कहा कि पंजाब को मुफ्त बिजली नहीं चाहिए, बल्कि सोलर पर सब्सिडी चाहिए। टैक्सपेयर्स के पैसे से मुफ्त राशन नहीं, बल्कि हर परिवार के युवा को पक्की नौकरी चाहिए। हर विभाग में मेरिट के आधार पर ट्रांसफर हों। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए स्कॉलरशिप हो। हर नागरिक के लिए हेल्थ कार्ड हो, ताकि नियमित स्वास्थ्य जांच अनिवार्य हो सके। पंजाब को कीटनाशक मुक्त भोजन और साफ पीने का पानी मिले। सरकारी संस्थानों में मुफ्त और बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेल और कला की सुविधाएं मिलें। डॉ. नवजोत कौर सिद्धू का यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान इन सवालों का क्या जवाब देते हैं।

# 20 फीट गहरे गड्ढे में गिरी बाइक, युवक की तड़प-तड़पकर मौत, ठेकेदार के वर्करों ने नहीं की सहायता

पंजाब/यूटर्न/2 मार्च। जालंधर से जंडू सिंघा के पास गड्ढे में गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई। ये गड्ढा पुल बनाने वाली कंपनी ने पिल्लर के खोद रखा था। करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में रात साढ़े 11 बजे के करीब बाइक गिरी। पास सो रही लेबर ने आवाज सुनी लेकिन हेल्प के लिए नहीं उठे। बाइक सवार कई घंटे तक तड़पता रहा और गड्ढे के अंदर ही दम तोड़ दिया। डेडबॉडी और बाइक सुबह दुकानदारों ने देखी तो पुलिस को सूचित किया। गड्ढे के पास ही दुकान करने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसने दुकान खोलने के बाद अचानक गड्ढे की तरफ नजर मारी तो अंदर बाइक गिरी दिखी। जब उसने आसपास पूछा कि बाइक अंदर कैसे गई तो लेबर ने बताया कि रात को बाइक सवार गिर गया था। हमें अवाजा आई लेकिन हमने सोचा कि निकल गया होगा। जब गड्ढे के अंदर फिर से झांककर देखा तो वहां डेडबॉडी पड़ी थी। बाइक सवार की सरिया लगने से आंख निकल चुकी थी। उसके पास हेडफोन थे लेकिन मोबाइल और पर्स दोनों गायब मिले। मौके पर पहुंची जालंधर पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। शव को गड्ढे से निकालकर सिविल अस्पताल पहुंचा दिया गया है। अभी तक युवक की पहचान नहीं हुई है।



### स्थानीय दुकानदार बोला- इंसानियत हुई शर्मसार

स्थानीय दुकानदार ने बताया कि जब उसने सुबह करीब 5 बजे दुकान खोली, तो उसे गड्ढे में एक बाइक गिरी हुई दिखाई दी। जब उसने वहां काम कर रहे मजदूरों और मिस्त्रियों से पूछताछ की। तो उन्होंने लापरवाही भरा जवाब देते हुए कहा कि रात एक बंदा गिरा था और तड़प रहा था, हमें लगा वह खुद निकल गया होगा। सुबह जब गहराई से जांच की गई, तो पता चला कि युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

### पुलिस ने लूटपाट की भी जताई आशंका

मृतक युवक का मोबाइल फोन और पर्स गायब है। मौके पर पहुंची पुलिस, राहगीरों और प्रत्यक्षदर्शियों ने लूटपाट की भी आशंका जताई है। लोगों ने कहा कि किसी ने तड़पते हुए युवक की मदद करने के बजाय उसका कीमती सामान चोरी कर लिया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते एम्बुलेंस को फोन कर दिया जाता, तो शायद उस युवक की जान बचाई जा सकती थी।

# अरब देशों में फंसे लोगों के लिए पंजाब सरकार सक्रिय, स्पेशल हेल्पलाइन नंबर और वाट्सऐप नंबर जारी

पंजाब/यूटर्न/2 मार्च। इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध से अरब देशों में रहने वाले कई पंजाबी परिवार आफत में आ गए है। ऐसे लोगों को पंजाब सरकार आगे आई है। सरकार ने अपना कंट्रोल रूम गठित किया है। कंट्रोल रूम में लैंड लाइन से लेकर वाट्सऐप नंबर जारी किया है। जहां पर संपर्क कर वह अपने परिवारो की मदद कर पाएंगे। यह जानकारी पंजाब के सीएम भगवंत मान ने दी। उन्होंने इस संबंधी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट शेयर की है। वहीं, सरकार ने यह आकड़े जुटाने में लगी है कि अपने कितने लोग वहां पर फंसे हुए है।




### विदेश मंत्रालय से किया संपर्क

सीएम ने अपनी पोस्ट में लिख है कि अरब देशों में जारी संघर्ष के कारण वहां रह रहे कई पंजाबी परिवार मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। ऐसे में पंजाब सरकार की ठफ्क्रविंग ने मदद के लिए अपने कंट्रोल रूम नंबर जारी किए हैं। यदि कोई व्यक्ति स्वयं या उसके परिवार का सदस्य इन देशों में फंसा हुआ है, तो वह तुरंत संपर्क करे। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि वे विदेश मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में हैं और जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## लाहौर-हाईकोर्ट में भारतीय-पति करनैल-सिंह की याचिका की सुनवाई, रिकॉर्ड 6 मार्च तक जमा करने का आदेश



अमृतसर/यूटर्न/2 मार्च। लाहौर हाईकोर्ट ने सिख जत्थे के साथ दर्शन के बहाने पाकिस्तान जाकर मुस्लिम व्यक्ति से निकाह करने वाली पंजाबी महिला सरबजीत कौर के भारतीय पति करनैल सिंह द्वारा दायर याचिका की सुनवाई आज यानी 2 मार्च 2026 को हुई। यह मामला जज फारूक हैदर की कोर्ट में एक आपत्ति याचिका के रूप में सुना गया। जानकारी के लिए बता दें कि पिछले दिनों वकील अली चंगेजी संधू के माध्यम से सरबजीत के पति ने लाहौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस प्रकरण में एडवोकेट अली चंगेजी संधू और मोहम्मद नवाज शेख रजिस्ट्रार कार्यालय की आपत्तियों पर अपने तर्क प्रस्तुत किए। लाहौर हाई कोर्ट ने सभी याचिकाओं और रिकॉर्ड को 6 मार्च 2026 तक प्रस्तुत करने का आदेश दिया ताकि मामले को मेरिट के आधार पर सुलझाया जा सके और विभिन्न अदालतों के विरोधाभासी निर्णयों से बचा जा सके।

## खन्ना कार्निवाल में आर. नेत ने बांधा समां, नशा मुक्ति का दिया संदेश



खन्ना/लुधियाना, 02 मार्च — दशहरा ग्राउंड में आयोजित पंजाब सखी शक्ति मेला 2026 की स्टार नाइट संगीत, जोश और सामाजिक संदेशों से सराबोर रही। प्रसिद्ध पंजाबी गायक आर. नेत ने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग ने उनके गीतों पर भांगड़ा डालते हुए कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। आर. नेत ने मंच से भगवंत मान सरकार द्वारा नशों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि नशा समाज को अंदर से खोखला कर देता है, इसलिए इसे जड़ से खत्म करने के लिए सरकार के साथ-साथ हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवन अपनाने और अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की अपील की।

गायक ने पंजाबी संस्कृति को बढ़ावा देने और मेलों की रौनक बहाल करने के प्रयासों के लिए सरकार की नीति की प्रशंसा की। उन्होंने सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध की भी सराहना करते हुए कहा कि उनकी अगुवाई में सांस्कृतिक गतिविधियों को नया उत्साह मिला है। कार्यक्रम के अंत में दर्शकों की तालियों और उत्साह ने पूरी शाम को यादगार बना दिया।

# ट्रिब्यून चौक पर जाम से राहत की तैयारी, 184 करोड़ से बनेगा 1.6 किमी फ्लाईओवर

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मार्च।। शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में शुमार ट्रिब्यून चौक पर ट्रैफिक जाम से राहत देने के लिए प्रस्तावित 1.6 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का निर्माण अब जल्द शुरू होने जा रहा है। प्रशासन के इंजीनियरिंग विंग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है और अप्रैल के अंत तक निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार इस परियोजना के लिए 12 कंपनियों ने बिड दाखिल की है। उच्चस्तरीय संयुक्त तकनीकी समिति आवेदनों की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद इसी माह के अंत तक एक कंपनी को टेंडर आवंटित कर दिया जाएगा।



### 184 करोड़ की लागत, दो साल में होगा तैयार

फ्लाईओवर के निर्माण पर लगभग 184 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसे दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना 2018-19 में स्वीकृत हुई थी और केंद्र सरकार से भी मंजूरी मिल चुकी थी, लेकिन मामला अदालत में चले जाने के कारण काम लंबित रहा। पिछले वर्ष पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद रास्ता साफ हुआ।

### ऐसा होगा फ्लाईओवर का रूट

प्रस्तावित फ्लाईओवर सेक्टर-32 स्थित जीएमसीएच-32 गोलचक्कर के पास से शुरू होकर दक्षिण मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज तक जाएगा और ट्रिब्यून चौक के ऊपर से गुजरेगा। प्रारंभिक योजना 7 किलोमीटर लंबी थी, जिसे घटाकर पहले 3.5 किलोमीटर और बाद में 1.6 किलोमीटर कर दिया गया।

### रोजाना 1.43 लाख वाहन गुजरते हैं

ट्रिब्यून चौक से प्रतिदिन करीब 1.43 लाख वाहन गुजरते हैं। दिल्ली और डेराबस्सी की ओर से आने वाले वाहन चालकों को अक्सर 60 से 90 मिनट तक जाम में फंसना पड़ता है। ट्राईसिटी और बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों के दबाव के कारण यहां यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है।

### पीयू से पीजीआई तक अंडरपास भी प्रस्तावित

इसके साथ ही पंजाब यूनिवर्सिटी से पीजीआईएमईआर तक प्रस्तावित अंडरपास का निर्माण कार्य भी इसी वर्ष शुरू होने की उम्मीद है।

प्रशासन का मानना है कि फ्लाईओवर और अंडरपास परियोजनाएं पूरी होने के बाद शहर में यातायात सुगम होगा और ट्रिब्यून चौक पर लगने वाले लंबे जाम से राहत मिलेगी।

## जीएमसीएच-32 में नई डायरेक्टर प्रिंसिपल का भव्य स्वागत, कॉन्ट्रैक्ट वर्करों ने रखीं उम्मीदें



चंडीगढ़, यूटर्न, 02 मार्च। जीएमसीएच-32 में नवनियुक्त डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. रवनीत कौर का सोमवार को भव्य स्वागत किया गया। जीएमसीएच ऑल कॉन्ट्रैक्टर वर्कर यूनियन की ओर से आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी उपस्थित रहे। यूनियन सदस्यों ने डॉ. रवनीत कौर को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर और पारंपरिक तरीके से मुंह मीठा कराकर नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अस्पताल प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय और संवाद की उम्मीद जताई।

### कर्मचारियों की समस्याओं पर दिया भरोसा

कार्यक्रम के दौरान डॉ. रवनीत कौर ने कहा कि अस्पताल में कार्यरत सभी कॉन्ट्रैक्ट वर्करों की समस्याओं और दिक्कतों को गंभीरता से सुना जाएगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक, पारदर्शी और न्यायपूर्ण ढंग से निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी वर्गों के कर्मचारियों का सहयोग आवश्यक है। प्रशासन और कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद से ही संस्थान की कार्यक्षमता मजबूत होगी।

### सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण पर जोर

यूनियन प्रतिनिधि अरविन्द सिंह ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि डॉ. रवनीत कौर के नेतृत्व में कर्मचारियों के हितों की रक्षा होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अस्पताल में कार्यरत सभी वर्करों को बेहतर, सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिलेगा।यूनियन ने अस्पताल प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई और संस्थान की प्रगति में सहयोग देने की बात कही।

अंत में यूनियन की ओर से डॉ. रवनीत कौर को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई दी गई और उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की गई।

## फोकल प्वाइंट साइकिल पॉट्स फैक्ट्री से लाखों का निकल व क्रोम चोरी, कई फोन करने पर अगले दिन पहुंची पुलिस

लुधियाना/यूटर्न/2 मार्च। लुधियाना के फोकल प्वाइंट एरिया में चोरों द्वारा एक साइकिल पॉट्स बनाने वाली फैक्ट्री में भारी मात्रा में निकल क्रोम चोरी कर लिया गया। अगली सुबह जब फैक्ट्री वर्कर आए तो उन्हें वारदात का पता चला। जिसके बाद मालिक को सूचना दी गई। मालिक का आरोप है कि उन्होंने इस संबंधी थाना फोकल प्वाइंट के अधीन आती चौंकी जीवन नगर में पुलिस को शिकायत दर्ज करवा दी थी। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस मुलाजिम इतने व्यस्त थे, कि उन्होंने मौके पर आना जरुरी नहीं समझा। कई बार कहने के बाद अगले दिन मुलाजिम मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि चोर करीब ढ़ाई से तीन लाख का सामान चोरी करके ले गए हैं। हालांकि उक्त वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। जिसमें चोर आते जाते दिख रहे हैं। जानकारी देते हुए सौरव घई ने बताया कि उनकी फोकल प्वाइंट के फेस-8 में साइकिल पॉट्स की फैक्ट्री है। शनिवार रात को वह फैक्ट्री बंद करके घर चले गए। रविवार तड़के करीब डेढ़ बजे एक बाइक और स्कूटी पर चार बदमाश आए। वह फैक्ट्री में घुस गए और निकल व क्रोम चोरी करके ले गए। अगली सुबह उन्हें वारदात का पता चला।



सीसीटीवी कैमरे में चोरी करके जाते दिखे बदमाश

### पुलिस के उच्च अफसरों से मामले में दखल देने की अपील

वहीं सौरव घई ने कहा कि उन्होंने रविवार सुबह ही पुलिस को शिकायत दी। मुलाजिम मौके पर नहीं आए तो उन्होंने बिना देरी के खुद चौंकी जीवन नगर में जाकर शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने अपना काम तो तेजी से कर दिया, लेकिन मुलाजिमों द्वारा उतनी ही ढ़ीली कार्रवाई की जा रही है। रविवार को कोई मुलाजिम मौका देखना या सीसीटीवी फुटेज चैक करने तक नहीं आया। फिर सोमवार को मुलाजिम आए। सौरव घई ने उच्च अधिकारियों को मामले में दखल देकर एक्शन लेने की अपील की है।

### पहले भी फोकल प्वाइंट पुलिस पर लग चुके आरोप

वहीं कुछ दिन पहले जीवन नगर इलाके में एक दुकानदार पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया था। जिसके बाद व्यापारियों ने हाइवे जाम कर दिया था। उनका आरोप था कि उन्होंने पहले पुलिस को शिकायत दी। लेकिन पुलिस ने एक्शन नहीं लिया। जिसके बाद बदमाशों ने हमला कर दिया। लेकिन अब यह दूसरा मामला सामने आया है। जिसमें फिर उक्त एरिया की पुलिस पर गंभीर आरोप लग रहे हैं।

## घर से सामान लेने निकले और रेलवे लाइन क्रॉस कर रहे दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत



लुधियाना/यूटर्न/2 मार्च। लुधियाना में धूरी लाइन और ढंडारी कलां रेलवे लाइन पर दो लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों में से एक घर से सामान लेने के लिए निकला था, जबकि दूसरा लाइन क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान ढंडारी के 45 वर्षीय मुलई और दशमेश नगर के भैरो प्रसाद के रुप में हुई है। थाना जीआरपी की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों लाशें कब्जे में ले ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पहले मामले में भैरो प्रसाद के जानकारों ने बताया कि वह सोमवार सुबह घर से सामान लेने के लिए निकला था, इसी दौरान धूरी लाइन पर रेलवे क्रॉसिंग करते हुए ट्रेन की चपेट में आ गया। वहीं दूसरे मामले में मृतक मुलई की रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों मृतक मजदूरी करते थे।

# खामेनेई की मौत के विरोध में देशभर में प्रदर्शन, कश्मीर में पाबंदियां; पंजाब के मलेरकोटला व लुधियाना में रोष

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 2 मार्च। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की कथित हवाई हमले में मौत की खबर के बाद भारत के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन और शोक सभाएं आयोजित की गईं। कश्मीर घाटी में सोमवार को प्रशासन ने एहतियातन कई इलाकों में लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिए। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर के लाल चौक स्थित घंटाघर को चारों ओर से बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया है तथा पूरे शहर में पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की भारी तैनाती की गई है, ताकि प्रदर्शनकारियों को एकत्र होने से रोका जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि घाटी में लगभग 15 लाख शिया आबादी है। लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा सहित कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों को मातम मनाते और अमेरिका व इजराइल विरोधी नारे लगाते देखा गया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर





कंटीले तार और अवरोधक लगाए गए हैं। छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निजी स्कूलों सहित सभी शैक्षणिक संस्थान दो दिन के लिए बंद कर दिए गए हैं।

ये पाबंदियां मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक द्वारा एक दिवसीय बंद के आह्वान के बाद लागू की गईं। मीरवाइज ने लोगों से शांति और गरिमा बनाए रखने की अपील की। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती समेत कई राजनीतिक दलों ने भी बंद का समर्थन किया है।

पंजाब के मलेरकोटला और लुधियाना में भी विरोध प्रदर्शन हुए। लुधियाना की जामा मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और इजराइल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। दोपहर की नमाज के बाद खामेनेई की याद में विशेष दुआ की गई। इस मौके पर पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से संयुक्त राष्ट्र में विरोध दर्ज कराने और राष्ट्रीय शोक घोषित करने की मांग की।

अजमेर में शिया समुदाय ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है। बिहार, झारखंड, तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भी प्रदर्शन और स्वैच्छिक बंद की खबरें हैं। प्रशासन ने सभी जगह शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच IGI एयरपोर्ट पर 100 उड़ानें रद्द, यात्री फंसे

नवीन गोगना

नई दिल्ली, युटर्न 02 मार्च। ईरान-इजराइल के बीच बढ़ते संघर्ष का असर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर भी दिखने लगा है. उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और कई यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए हैं. खासकर मध्य-पूर्व जाने वाली कई उड़ानें रद्द की जा रही हैं.

मीडिया रिपोट के मुताविक एक यात्री ने बताया कि लगभग सभी मध्य-पूर्व रूट की फ्लाइट्स रद्द हो रही हैं, जिससे रमजान के दौरान मक्का और मदीना जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है.

उन्होंने कहा, 'मैं ट्रैवल इंडस्ट्री में काम करता हूं. मुंबई से एयर इंडिया की एक फ्लाइट, जिसमें मेरे कुछ क्लाइंट्स को जाना था, वह भी रद्द हो गई है. री-शेड्यूलिंग को लेकर कोई अपडेट नहीं मिल रहा है. रमजान में यहां से लोग मक्का और मदीना इबादत के लिए जाते हैं, लेकिन लगभग सभी फ्लाइट्स रद्द हो रही हैं.' वहीं, रफिया खान नाम की एक महिला, जो अपने माता-पिता को छोड़ने एयरपोर्ट आई थीं, उन्होंने अफरातफरी के बीच एयरपोर्ट स्टाफ की सराहना की.



उन्होंने कहा, 'हमें बताया गया कि सऊदी अरब की सभी फ्लाइट्स समय पर हैं. आज खाड़ी क्षेत्र में हालात खराब हैं, इसलिए हमें डर लग रहा था क्योंकि हमारे माता-पिता एक ऐसे इलाके में जा रहे हैं जहां युद्ध जैसी स्थिति है. एयरलाइंस से बार-बार संपर्क करने में बहुत दिक्कत हुई. कई यात्री सवालों से परेशान थे, लेकिन एयरपोर्ट स्टाफ बहुत विनम्र था. उन्होंने हमें सभी फ्लाइट्स की सही जानकारी दी, जिसकी वजह से हम समय पर एयरपोर्ट आ सके और उन्हें विदा कर पाए.'

दिल्ली एयरपोर्ट ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है. इसमें कहा गया है, ह्लमध्य-पूर्व में बदलती राजनीतिक स्थिति के कारण पश्चिम दिशा की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बाधा और शेड्यूल में बदलाव जारी है. यात्रियों को सलाह दी जाती है कि एयरपोर्ट आने से पहले अपनी-अपनी एयरलाइंस से ताजा अपडेट जरूर जांच लें.

एडवाइजरी में आगे कहा गया है, इस दौरान आपके धैर्य और सहयोग के लिए धन्यवाद. कृपया केवल आधिकारिक माध्यमों से ही जानकारी और अपडेट प्राप्त करें. सूत्रों के अनुसार, गतदिनो IGI एयरपोर्ट पर कुल 100 उड़ानें रद्द हुईं, जिनमें 60 प्रस्थान और 40 आगमन वाली उड़ानें शामिल हैं. यह स्थिति तब बनी है जब पश्चिम एशिया के अधिकांश देशों ने संघर्ष बढ़ने के बाद अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है.

इंडिगो ने भी कहा है कि यदि मध्य-पूर्व के हवाई क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानें प्रभावित होती हैं तो यात्रियों को उनके दिए गए संपर्क विवरण पर सीधे सूचना दी जाएगी. कंपनी ने यात्रियों से वैकल्पिक विकल्प तलाशने या बड़ी असुविधा होने पर वेबसाइट के जरिए रिफंड लेने की अपील की है. वहीं, अकासा एयर ने सुरक्षा कारणों से 2 मार्च तक अबू धाबी, दोहा, जेद्दा, कुवैत और रियाद के लिए और वहां से आने-जाने वाली उड़ानें निलंबित कर दी हैं. कंपनी के बयान में कहा गया है, सुरक्षा और जिम्मेदार संचालन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के तहत, मध्य-पूर्व की मौजूदा स्थिति को देखते हुए कुछ अंतरराष्ट्रीय सेक्टरों पर सावधानीपूर्ण फैसले लिए गए हैं. पहले साझा की गई जानकारी के अनुसार, 2 मार्च 2026 तक अबू धाबी, दोहा, जेद्दा, कुवैत और रियाद की उड़ानें निलंबित रहेंगी.

अकासा एयर ने यह भी कहा कि 7 मार्च तक की बुकिंग वाले प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पूरा रिफंड या री-शेड्यूल का विकल्प चुन सकते हैं. एयरलाइन की टीमें यात्रियों से संपर्क कर मदद कर रही हैं. संघर्ष के बढ़ने से पूरे क्षेत्र में बड़े युद्ध की आशंका बढ़ गई है. इजराइल ने देशभर में आपातकाल घोषित कर दिया है, अस्पतालों को अंडरग्राउंड शिफ्ट किया जा रहा है और सायरन बजाए जा रहे हैं. ईरान, इजराइल और इराक ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं.



# यूएस-ईरान लड़ाई में पहले भारतीय की मौत, ओमान का कहना - ड्रोन बोट से तेल टैंकर पर बम गिरने से नाविक की मौत हुई

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मार्च। ओमान ने सोमवार को कहा कि बम ले जाने वाली एक ड्रोन बोट ने सोमवार को ओमान की खाड़ी में मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर हमला किया, जिससे उसमें सवार एक नाविक की मौत हो गई।

ईरान पर यूएस-इजराइल के हमलों और मिडिल ईस्ट/वेस्ट एशिया इलाके में यूएस बेस पर ईरान के जवाबी हमले के बीच यह हमला किसने किया, इसकी तुरंत जानकारी नहीं मिली। सरकारी ओमान न्यूज एजेंसी ने सल्तनत की राजधानी मस्कट के तट पर ओमान की खाड़ी में हुए हमले की खबर दी। इसने जहाज की पहचान टङऊश डट के तौर पर की। न्यूज एजेंसी अढ ने बताया कि मरने वाला क्रू मेंबर भारत का था। रविवार को ही न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से टैंकर MKD V डट पर एक प्रोजेक्टाइल के हमले की खबर आ गई थी। रविवार को इसके मैनेजर वी.शिप्स ने बताया कि जब जहाज ओमान के तट से गुजर रहा था, तो उसमें सवार एक क्रू मेंबर की मौत हो गई। पीड़ित की पहचान नहीं हो पाई है, और अब उनकी राष्ट्रीयता की जानकारी मिल गई है।



## संदिग्ध प्रोजेक्टाइल से टकराया जहाज

वी.शिप्स एशिया ने रविवार को एक बयान में कहा, 1 मार्च को मस्कट, ओमान के तट से दूर एक संदिग्ध प्रोजेक्टाइल से टकराने के बाद जहाज में धमाका हुआ और उसके बाद आग लग गई। इसमें आगे कहा गया, यह बहुत दुख की बात है कि हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि घटना के समय इंजन रूम में मौजूद एक क्रू मेंबर की मौत हो गई है।

## तेहरान ने खाड़ी देशों पर हमले किए

ओमान के मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर ने यह नहीं बताया कि जहाज पर किस चीज से टक्कर लगी। यह हमला खाड़ी देश में अरब सागर के कमर्शियल पोर्ट दुकम पर पहले हुए ड्रोन हमलों के बाद हुआ। ईरान पर यूएस-इजराइल के मिले-जुले हमलों के बाद तेहरान ने खाड़ी देशों पर जवाबी हमले किए, जिससे यह इलाका एक नई जंग में फंस गया है, इसके बाद ओमान में या उसके आस-पास के ठिकानों पर पहली बार हमला हुआ है।

## ओमान मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर ने डाली पोस्ट

ओमान मैरीटाइम सिक्योरिटी सेंटर ने पर एक पोस्ट में कहा कि हमले के बाद स्काईलाइट टैंकर के 20 लोगों के क्रू को निकाल लिया गया। यह हमला मुसंदम के खासाब पोर्ट से लगभग 5 नॉटिकल मील उत्तर में, होर्मुज की स्ट्रेटेजिक स्ट्रेट पर हुआ। डटरउ के मुताबिक, क्रू में 15 भारतीय और 5 ईरानी नागरिक थे। शुरूआती जानकारी में क्रू के चार सदस्यों को अलग-अलग गंभीरता की चोटें आने का पता चला। ऑफिशियल डेटा के मुताबिक, स्काईलाइट का रजिस्टर्ड मालिक सी फोर्स इंक है, और इसे रेड सी शिप मैनेजमेंट LLC मैनेज करता है।

## ओमान हमलों पर ईरान ने क्या कहा

ईरान फारस की खाड़ी के संकरे मुहाने, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास आने वाले जहाजों को धमका रहा है, और माना जा रहा है कि उसने कई हमले किए हैं क्योंकि इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा इस्लामिक रिपब्लिक को निशाना बनाकर एक बड़ा हवाई हमला शुरू करने के बाद मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने सोमवार को खाड़ी देशों में ईरानी हमलों पर सवालों के जवाब दिए, जबकि दुबई, दोहा, मनामा और ओमानी पोर्ट दुकम में लगातार दूसरे दिन धमाकों की खबर आई।

## हमला सरकार की मर्जी से नहीं था

अरागची ने खास तौर पर ओमान के दुकम पोर्ट पर हुए हमले के बारे में बताया, जो ईरान और यूएस-इजराइल के बीच-बचाव का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमला सरकार की मजी का नहीं था और कहा कि सेना अब आम निदेर्शों के आधार पर स्वतंत्र रूप से काम कर रही है।

## एक और टैंकर पर सवार भारतीय मारे गए

रविवार को भी, 15 भारतीय नागरिक पलाऊ के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर सवार थे, जब ओमान के मुसंदम पेनिनसुला के पास उसे टक्कर मार दी गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए, रिपोर्ट्स में कहा गया। यह घटना तब हुई जब ईरान ने अमेरिका और इजराइल के साथ हमले किए, जिन्होंने शनिवार को एक हमला किया जिसमें इस्लामिक रिपब्लिक के सुप्रीम लीडर, अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए।

# ईरान ने असली ताकत दिखाई, यूएस के लिए जंग का सबसे बुरा दिन: वॉरप्लेन क्रैश, बेस डैमेज, सैनिक मारे गए

चंडीगढ़/यूटर्न/2 मार्च। ईरान की 2 मार्च की बढ़त कई जगहों पर फैल गई, जिसमें इराक में यूएस की जगहों पर ड्रोन हमलों की नई रिपोर्टें आईं झ्र जिसमें एरबिल और बगदाद के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास विक्टोरिया बेस शामिल हैं झ्र साथ ही एक संदिग्ध ड्रोन हमले का असर साइप्रस में ब्रिटेन के फ्अक्रअक्रोटिरी बेस के एयरफील्ड पर भी पड़ा। यूके सरकार ने कहा कि फोर्स प्रोटेक्शन सबसे ऊंचे लेवल पर है और लोग जवाब दे रहे हैं, इसे एक लाइव सिचुएशन बताया। जैसे-जैसे हमले फैलते गए, यूएस और खास गल्फ पार्टनर्स ने एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी किया जिसमें उन्होंने ईरान के बिना सोचे-समझे और लापरवाही वाले मिसाइल-और-ड्रोन हमलों की निंदा की और कोऑर्डिनेटेड रीजनल डिफेंस और सेल्फ-डिफेंस के अधिकार को फिर से पक्का किया। अब, लेबनान को भी इसमें घसीटा जा रहा है, जब हिजबुल्लाह ने सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या का बदला लेने के लिए इजराइल पर रॉकेट और ड्रोन लॉन्च किए। विरोधियों के लिए, हिज्बुल्लाह के काम लापरवाही वाले माने जाएंगे। और यह भी हो सकता है कि कुछ समर्थक भी आलोचना करें, क्योंकि उन्हें और ज्यादा घरेलू अलगाव और तबाही का डर है। इजराइल ने कहा कि उसने ग्रुप के खिलाफ एक आक्रामक कैंपेन शुरू किया है।





## हिज्बुल्लाह क्षमताओं को बनाने की कोशिश में लगा

महीनों से, यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि इजरायल अपने हमले बढ़ा सकता है, क्योंकि दावा किया जा रहा है कि हिज्बुल्लाह अपनी क्षमताओं को फिर से बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसा लगता है कि वह समय आ गया है। खामेनेई ने लगभग चार दशकों तक एक दमनकारी शासन का नेतृत्व किया और कई लोग उन्हें मरते हुए देखकर खुश हैं। लेकिन न तो ट्रंप और न ही नेतन्याहू ने हमलों के लिए कोई साफ वजह बताई है, क्योंकि ईरान से कोई खतरा नहीं था, या यह नहीं बताया कि वे क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## चौथे सर्विस मेंबर की मौत

यूएस का कहना है कि ईरानी हमलों के बाद चौथे सर्विस मेंबर की मौत हो गई। यूएस सेंट्रल कमांड का कहना है कि ईरान के शुरूआती हमलों के दौरान घायल हुए चौथे यूएस सर्विस मेंबर की अपनी चोटों के कारण मौत हो गई। पूरे इलाके में ईरानी हमलों की खबरें आ रही हैं। यूएस ने यह नहीं बताया कि जिस हमले में यह सर्विस मेंबर घायल हुआ, वह कहाँ हुआ था।

## इंटरनेशनल मार्केट में गैस की कीमतें तेजी से बढ़ीं

मिडिल ईस्ट में तनाव के जवाब में इंटरनेशनल मार्केट में गैस की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। यूके में दोपहर के ठीक बाद, अप्रैल में डिलीवरी के लिए नैचुरल गैस 42 प्रतिशत बढ़कर, 112 पी प्रति थर्म से थोड़ी ज्यादा पर ट्रेड कर रही थी। कतर लिक्विफाइड नैचुरल गैस का एक बड़ा एक्सपोर्टर है, जो ग्लोबल सप्लाई का लगभग पाँचवाँ हिस्सा है - और इसका ज्यादातर हिस्सा होर्मुज स्ट्रेट के जरिए समुद्र के रास्ते ट्रांसपोर्ट किया जाता है।

## ग्लोबल मार्केट में कीमतें बढ़ने की संभावना

हालाँकि कतर के मुख्य कस्टमर साउथ और ईस्ट एशिया में हैं, लेकिन ट्रेड में किसी भी रुकावट से ग्लोबल मार्केट में कीमतें बढ़ने की संभावना है, क्योंकि इससे दूसरी जगहों से आने वाले शिपमेंट के लिए कॉम्पिटिशन बढ़ जाता है। सुरक्षा सावधानी के तौर पर इजराइल में कुछ गैस बनाने वाली जगहों को बंद करने से स्थिति और खराब हो गई है। एनालिस्ट का कहना है कि यह यूरोप के लिए एक गंभीर समस्या हो सकती है, क्योंकि हालांकि सर्दियां खत्म हो रही हैं और खपत कम हो रही है, लेकिन इस इलाके में गैस का स्टॉक कम हो रहा है और गर्मियों में इसे फिर से भरना होगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।